# प्रेरणा प्लस

## प्राथमिक कक्षाओं के लिए अधिगम संवृद्धि कार्यक्रम

(Learning Enhancement Programme for Primary Classes)

हिमाचल प्रदेश सरकार की एक नई पहल

2017-18

हिमाचल प्रदेश सरकार

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें








Pratham



**निर्देश : यह विजुअल कार्ड उन बच्चों के लिए है जो एडवांस स्तर (घटाव और भाग करने वाले) पर हैं।**

- शिक्षक बच्चों की संख्या के आधार पर उन्हें छोटे–छोटे समूहों में बाँट दें।
- हर एक समूह को एक विजुअल कार्ड दें। यह ध्यान रखें कि दिए गए कार्ड को बच्चे समूह में पढ़ने और आपस में चर्चा करने के बाद ही सवाल के उत्तर लिखें।
- समूह में बच्चे यह सुनिश्चित कर लें कि किसी भी प्रश्न का उत्तर हल करने की प्रक्रिया समूह की सहमति से हो।
- सभी समूह के विज़ुअल कार्ड हल हो जाने के बाद एक समूह से दूसरे समूह का उत्तर की जाँच करे।
- एक विज़ुअल कार्ड का उपयोग एक दिन ही किया जाएगा। दूसरे दिन के लिए दूसरे विजुअल कार्ड का उपयोग करने हैं।



# आओ देखें और सोचें

## कम या ज़्यादा




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- राघव से ज़्यादा चॉकलेट किसके पास है?
- जावेद की चॉकलेट में से कितनी चॉकलेट कम कर दी जाए कि सुमन की चॉकलेट के बराबर हो जाए?
- जावेद और राघव दोनों के पास कुल कितनी चॉकलेटें हैं?
- रोज़ी के पास कितनी चॉकलेट और आ जाए कि जावेद की चॉकलेट के बराबर हो जाए?
- किन दो लोगों ने बराबर चॉकलेट ख़रीदीं?



# आओ देखें और सोचें

## चित्र को पूरा करें और अपनी मर्ज़ी से रंग भरें।



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- दिए गए चित्र में कितनी गोल आकृतियाँ हैं? गिनकर बक्से में लिखें। ☐
- दिए गए चित्र में कितनी चौकोर आकृतियाँ हैं? गिनकर बक्से में लिखें। ☐
- चित्र में कौन–कौन सी आकृतियाँ हैं? लिखें।

  ________ ________ ________

  ________ ________ ________
- आपके घर के आस–पास गोल आकृतियाँ कौन–कौन सी हैं? उनके नाम लिखें।

  ________ ________ ________

  ________ ________ ________
- आपके घर के आस–पास चौकोर आकृतियाँ कौन–कौन सी हैं? उनके नाम लिखें।

  ________ ________ ________

  ________ ________ ________



# आओ देखें और सोचें

## संख्या भरें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 10 |
| | 12 | | | | 16 | 17 | 18 | | 20 |
| 21 | | 23 | 24 | 25 | | 27 | 28 | | 30 |
| 31 | 32 | | 34 | | 36 | 37 | 38 | | 40 |
| | 42 | 43 | | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| 51 | 52 | 53 | 54 | | | | 58 | 59 | 60 |
| 61 | | 63 | 64 | 65 | | 67 | 68 | | 70 |
| | 72 | | 74 | | | | 78 | | 80 |
| 81 | 82 | 83 | | 85 | 86 | 87 | 88 | | 90 |
| 91 | 92 | 93 | 94 | | 96 | 97 | 98 | | 100 |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- ख़ाली बक्से में सही संख्या भरें।
- दो अंकों की सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्या लिखें।
- 2, 4, 5 के पहाड़े बनाएँ।
- 56 के ठीक पहले और बाद की संख्या लिखें।

  पहले

  बाद
- 1–100 तक की उन संख्याओं पर गोला लगाएँ जिनमें 2 से पूरा–पूरा भाग लग जाता है।
- दिए गए चार्ट में पैटर्न ढूँढकर लिखें, जैसे – 1, 3, 5 या 2, 4, 6, 8 आदि।

  लिखें :



# आओ देखें और सोचें

## आकृतियों में रंग भरें और गिनकर लिखें



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- चित्र में गोल आकृतियाँ कितनी हैं? [ ]
- चित्र में त्रिकोण आकृतियाँ कितनी हैं? [ ]
- चित्र में चौकोर आकृतियाँ कितनी हैं? [ ]
- कौन–सी आकृति सबसे अधिक हैं? [ ]
- गोल आकृति त्रिकोण से कितनी अधिक है? [ ]
- यदि 4 गोल आकृतियाँ और बना दी जाए तो चौकोर आकृतियाँ से कितनी कम है? [ ]



# आओ देखें और सोचें

## संख्या भरें और प्रश्नों के उत्तर बताएँ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | | | 96 | | | | | 91 |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | 73 | | |
| 70 | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | 46 | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | 6 | | | | | 1 |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- 1 से 20 तक की गिनती में संख्या 18 से 5 पहले कौन – सी संख्या आती है? ☐
- 1 से 100 तक की गिनती में संख्या 33 के 15 बाद कौन – सी संख्या आती है? ☐
- 100 से 1 तक की गिनती में 25वीं संख्या कौन–सी है? ☐
- किन चार संख्याओं को जोड़ें तो 100 हो जाएगा?

  उत्तर :
- एक संख्या में 60 का आधा जोड़ने पर 45 प्राप्त होता है। वह संख्या लिखें। ☐



# आओ देखें और सोचें

## आकृतियों में रंग भरें और गिनकर लिखें



**निम्नलिखित आकृतियाँ कितनी हैं?**



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- चित्र में गोल आकृतियाँ त्रिभुज से कितनी ज़्यादा हैं? ☐
- चित्र में चौकोर आकृतियाँ गोल आकृतियों से कितनी ज़्यादा हैं? ☐
- कौन–सी आकृति सबसे अधिक है? ☐
- कुल कितनी आकृतियाँ हैं? ☐
- कितनी चौकोर आकृतियाँ कम कर दी जाए की गोल आकृति के बराबर हो जाए? ☐
- त्रिकोन आकृतियाँ कुल आकृतियों से कितना कम है? ☐



# आओ देखें और सोचें

पहले रिक्त स्थानों में संख्या भरें। इसके बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 98 | | 96 | | 94 | | 92 | |
| 90 | | | 87 | | | 84 | | | 81 |
| | | | 77 | | | | 73 | | |
| | | 68 | | | | | 63 | | |
| | 59 | | | 56 | | | | 52 | |
| 50 | | | | | 45 | | | | 41 |
| | | | | | 35 | | 33 | | |
| | 29 | 28 | 27 | | | | | 22 | |
| 20 | | | 17 | 16 | | 14 | | | 11 |
| | | | | | | | 3 | | 1 |

## सोचें और बताएँ

- उल्टी गिनती में 15 के बाद चौथी संख्या कौन–सी है?
- उल्टी गिनती में 74 के ठीक पहले की संख्या कौन–सी है?
- चार्ट में 80 वाली लाईन की सभी संख्याओं का जोड़ कितना होगा?
- 46 और 44 के बीच की संख्या कौन–सी है?
- चार्ट में 92 से नीचे की दिशा में संख्याओं के पैटर्न को लिखें।



# आओ देखें और सोचें

## आकृतियों में रंग भरें और एक जैसी आकृतियाँ गिनकर लिखें



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- चित्र में गोल आकृतियाँ कितनी हैं?
- चित्र में त्रिभुज आकृतियाँ कितनी हैं?
- चित्र में चौकोर आकृतियाँ कितनी हैं?
- कौन–सी आकृति सबसे अधिक है?
- कुल कितनी आकृतियाँ हैं?
- यदि 8 आकृतियों में रंग भरा है तो बताएँ कितनी आकृतियों में रंग नहीं भरा है?



# आओ देखें और सोचें

## पढ़ें और समझें

**टीचर क्लास में गणित पढ़ा रहे थे।**




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- अगर 6 की बाईं तरफ़ 9 लिखता तो कौन – सी संख्या बनती? शब्दों में लिखें।
  उत्तर :
- अगर 6 की दाईं तरफ़ 9 लिखता तो कौन – सी संख्या बनती? अंकों में लिखें।
- 6 की बाईं तरफ़ 9 लिखने पर 9 का स्थानीय मान कितना होगा?
- 6 की दाईं तरफ़ 9 लिखने पर 9 का विस्तारित रूप कितना होगा?
- संख्या 92 में 9 का अंकित मान कितना होगा?
- 18 और 81 में कौन – सी संख्या बड़ी होगी?
- 25 और 52 में कितना अन्तर होगा?
- 84 और 48 संख्याओं का योगफल, उनके अन्तर से कितना ज़्यादा होगा?



# आओ देखें और सोचें

## आकृतियों में रंग भरें और एक जैसी आकृतियाँ गिनकर लिखें



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- चित्र में गोल आकृतियाँ कितनी हैं?
- चित्र में त्रिभुज आकृतियाँ कितनी हैं?
- चित्र में चौकोर आकृतियाँ कितनी हैं?
- कौन–सी आकृति सबसे कम है?
- कुल आकृतियाँ गोल आकृतियों से कितना ज़्यादा है?
- यदि सभी चौकोर आकृतियाँ गोल आकृतियाँ हो जाए तो बताएँ कुल गोल आकृतियाँ कितनी हो जाएगी?



# आओ देखें और सोचें

## संख्या और नाम

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1<br>A | 2<br>B | 3<br>C | 4<br>D | 5<br>E |
| 6<br>F | 7<br>G | 8<br>H | 9<br>I | 10<br>J |
| 11<br>K | 12<br>L | 13<br>M | 14<br>N | 15<br>O |
| 16<br>P | 17<br>Q | 18<br>R | 19<br>S | 20<br>T |
| 21<br>U | 22<br>V | 23<br>W | 24<br>X | 25<br>Y |
| | | 26<br>Z | | |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- संख्या 20 के स्थान पर कौन–सा अक्षर है?
- सभी संख्याओं का योगफल कितना होगा?
- सभी संख्याओं के योगफल का विस्तारित रूप कितना होगा?
- सभी संख्याओं के योगफल में 3 से भाग देने पर भागफल कितना होगा?
- अपने नाम के अक्षरों का योगफल पता करें?
- किन–किन अक्षरों को मिलाने से संख्या 100 बनाई जा सकती है?



# आओ देखें और सोचें

## आकृतियों को गिनकर लिखें।



## सोचें और बताएँ

- मेरी टोपी में ........................ वृत्त हैं।
  ........................ आयत हैं।
  ........................ वर्ग हैं।

- मेरे चेहरे में ........................ वृत्त हैं।
  ........................ आयत हैं।
  ........................ त्रिभुज हैं।

- कुल कितनी चौकोर आकृतियाँ हैं? ☐
- कुल कितनी गोल आकृतियाँ हैं? ☐
- आपकी कक्षा में कौन–सी त्रिकोण आकृतियाँ हैं? ☐



# आओ देखें और सोचें

## अंकों का जोड़

(1–9) तक अंकों का उपयोग इस तरह करें कि हर तरफ से योगफल बराबर हो।




चित्र–1 योगफल = 9



चित्र–2 योगफल = 10



चित्र–3 योगफल = 11



चित्र–4 योगफल = 12

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- अंक 3, 1, 5 से बनने वाली तीन अंक की संख्या लिखें।
- अंक 4, 6, 2 से बनने वाली संख्या में सबसे छोटी और बड़ी संख्या लिखें।
- एक संख्या 999 से 654 कम है, वह संख्या लिखें।
- एक संख्या है जिसमें, 9, 10, 11 और 12 से भाग देने पर संख्या पूर्णरूप से विभाजित हो जाती है। वह संख्या लिखें।
- संख्या 123 का विस्तारितरूप लिखें।

# आओ देखें और सोचें

## देखें और समझें



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- इस आकृति में कितने कोने हैं? गिनकर बताएँ?
- इस आकृति में कितनी भुजाएँ/किनारे हैं?
- इस आकृति में कितने वर्ग हैं?
- इस आकृति में आयत कितने हैं?
- आयत की संख्या वर्ग की संख्या से कितनी अधिक या कम है?



# आओ देखें और सोचें

## कैलेण्डर का मज़ा

**मई 2016**

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

**जून 2016**

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

## सोचें और बताएँ

- कैलेण्डर का उपयोग करते हुए पहले और बाद की तिथि का पता करें।
- 7 मई के 3 दिन पहले ..............................
- 27 मई के 5 दिन बाद ..............................
- 22 मई के 1 सप्ताह पहले ..............................
- 21 मई के 2 सप्ताह बाद ..............................
- 6 जून के 2 सप्ताह पहले ..............................
- 23 जून के 4 सप्ताह पहले ..............................
- 15 मई से 6 दिनों के लिए एक समर कैम्प शुरू होना था। किसी कारणवश यह समर कैम्प 1 सप्ताह देरी से शुरू हुआ। बताएँ, कैम्प कौन–सी तिथि को शुरू हुआ और किस तिथि को समाप्त हुआ?
- पवन ने 5 मई को स्कूल के पुस्तकालय से कहानी की एक किताब ली। पुस्तकालय अधीक्षक ने उसे किताब लौटाने के लिए 1 महीने का समय दिया। बताएँ, अधिकतम किस तिथि तक उसे किताब लौटानी पड़ेगी?
- आज 8 मई है। रोहित का जन्मदिन 27 जून को है। बताएँ, आज से रोहित के जन्मदिन में कितने दिन बाकी हैं?

# आओ देखें और सोचें




चित्र 1


चित्र 2

## सोचें और बताएँ।

| | उत्तर |
|---|---|
| • चित्र 1 में गोल आकृतियाँ कितनी हैं? | |
| • चित्र 2 में त्रिकोण आकृतियाँ कितनी हैं? | |
| • चित्र 1 और 2 में कुल कितनी त्रिकोण आकृतियाँ हैं? | |
| • किस चित्र में त्रिकोण आकृतियाँ की संख्या अधिक है? | |
| • चित्र 2 में कितनी और गोल आकृतियाँ बनाएँ कि चित्र 1 की गोल आकृतियों के बराबर हो जाए? | |
| • दोनों चित्रों में कुल कितनी चौकोर आकृतियाँ हैं? | |
| • चित्र 2 में त्रिकोण आकृतियाँ चित्र 1 की कितने गुना है? | |



# आओ देखें और सोचें

## हर महीने गेंद की ख़रीदारी

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी |  |  |
| फरवरी |  |  |
| मार्च |  |  |
| अप्रैल | | |
| मई | | |
| जून | | |
| जुलाई | | |
| अगस्त | | |
| सितम्बर | | |
| अक्टूबर | | |
| नवम्बर | | |
| दिसम्बर | | |

## सोचें और बताएँ।

उत्तर

- राम हर महीने में 2 गेंदें ख़रीदता है। यदि वह 8 गेंदें ख़रीदना चाहे तो वह कौन–से महीने तक आठ गेंदें ख़रीद लेगा? ☐
- कौन–से महीने में वह 16 गेंदें ख़रीद लेगा? ☐
- मार्च के महीने में राम के पास जनवरी से कितनी गुनी गेंद हो जाएँगी? ☐
- यदि एक गेंद की क़ीमत 15 रुपये है तो एक साल में राम ने सारी गेंदें ख़रीदने में कितने रुपये ख़र्च किए? ☐
- पूरे साल में वह कितनी गेंद ख़रीद लेगा? ☐



# आओ देखें और सोचें

**दिए गए घर में अलग-अलग आकारों की पहचान करें और सवालों के जवाब दें।**



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- खिड़कियों में लगभग कितने त्रिभुज हैं?
- इस घर में कुल कितने प्रकार के चतुर्भुज हैं?
- घर में कौन–सा आकार सबसे ज़्यादा है और कितना है?
- बिना भुजाओं वाली आकृतियाँ कितनी और कौन–कौन सी हैं?
- घर में और आस–पास में कितने प्रकार के अलग–अलग आकार दिखाई देते हैं? उनके नाम लिखें।



# आओ देखें और सोचें

## साँप सीढ़ी खेलें और नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।




निर्देष :

- याद रहे यदि आपकी गोटी किसी साँप के मुँह के पास आ गई तो आप उस साँप की पूँछ तक वापस आ जाएँगे।
- मान लें कि आपकी गोटी 17 वीं संख्या पर आ गई तो आप सीढ़ी चढ़ते हुए 93 वीं संख्या पर पहुँच जाएँगे।

## सोचें और बताएँ।

उत्तर

- यदि आपकी गोटी 5 पर है और आपको 8 पर जाना है तो बताएँ पासे पर कौन–सी संख्या की जरुरत है ?
- आप 11 पर हो और पासे पर 6 आए तो आप कहाँ पहुंचोगे? इसमें आपको कितने घर का फायदा होगा ?
- आप 88 पर हो और आपके पासे में 4 आता है। अब आपको कहाँ जाना होगा? कितने घर पीछे चले जाओगे?
- यदि आप 55 वीं संख्या पर हो तो बताएँ, आपको जीतने के लिए कितने अंको की जरुरत है?
- आपका दोस्त 76 वीं और आप 85 वीं संख्या पर हो। बताएँ, आप दोनों को जीतने के लिए कितने अंको की जरुरत होगी?

**इस खेल को खेलते जाएँ, ऐसे ही और सवाल बनाये और उनको हल करें।**



# आओ देखें और सोचें

## आकृतियों को गिनें और प्रश्न हल करें




## सोचें और बताएँ

| | उत्तर |
|---|---|
| • त्रिभुज की कुल संख्या? | |
| • आयत की कुल संख्या? | |
| • वर्ग की कुल संख्या? | |
| • आकृति 'अ' में कितने त्रिभुज हैं? | |
| • आकृति 'ब' में कितने त्रिभुज हैं? | |
| • आकृति 'अ' में कितने वर्ग हैं? | |
| • आकृति 'अ' में कितने आयत हैं? | |
| • आकृति 'अ' में 'ब' से कितने त्रिभुज अधिक हैं? | |
| • आकृति 'ब' में 'अ' से कितने वर्ग कम हैं? | |
| • कितने त्रिभुज 'अ' और 'ब' दोनों में हैं? | |



# आओ देखें और सोचें

## आस-पास की वस्तुओं के वज़न का पहले अन्दाज़ा लगाएँ फिर मापें और लिखें।

| वस्तु | अनुमान के अनुसार | मापकर लिखें |
|---|---|---|
|  बाल्टी | | |
|  ईंट | | |
|  स्कूल का बस्ता | | |
|  चम्मच | | |
|  तवा | | |

| वस्तु | अनुमान के अनुसार | मापकर लिखें |
|---|---|---|
|  बेलन | | |
|  किताब | | |
|  हथौड़ी | | |
|  ताला | | |
|  बोतल | | |



# आओ देखें और सोचें

## मूल्य चार्ट को देखकर बिल बनाएँ।

| सब्ज़ी | मूल्य (प्रति किलो) |
|---|---|
|  बैंगन | 16 रुपये |
|  आलू | 10 रुपये |
|  प्याज | 30 रुपये |
|  फूलगोभी | 32 रुपये |
|  बंदगोभी | 25 रुपये |
|  भिण्डी | 40 रुपये |
|  करेला | 24 रुपये |
|  गाजर | 36 रुपये |

**कैश मेमो**

**कमल सब्ज़ी मार्ट, विकासपुरी, दिल्ली**

नाम      दिनांक

पता

| संख्या | विवरण | मात्रा (किलो में) | दर | मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आलू | 5 | | |
| 2 | प्याज | 2 | | |
| 3 | गाजर | 1 | | |
| 4 | फूलगोभी | 3 | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | योग | | |

हस्ताक्षर

- यह रोहित द्वारा ख़रीदे गए सब्ज़ी का बिल है। पहले इस बिल को पूरा करें और फिर बताएँ कि दुकानदार को 500 रुपये का 1 नोट देने से वह रोहित को कितने रुपये लौटाएगा?

उत्तर

**कैश मेमो**

**कमल सब्ज़ी मार्ट, विकासपुरी, दिल्ली**

नाम      दिनांक

पता

| संख्या | विवरण | मात्रा (किलो में) | दर | मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आलू | 25 | | |
| 2 | प्याज | 5 | | |
| 3 | बंदगोभी | 2 | | |
| 4 | भिण्डी | 3 | | |
| 5 | करेला | 4 | | |
| 6 | बैंगन | 8 | | |
| | | योग | | |

हस्ताक्षर

- यह रजत द्वारा ख़रीदे गए सब्ज़ी का बिल है। रजत एक छोटी–सी सब्ज़ी की दुकान चलाता है। आप पहले इस बिल को पूरा करें और फिर बताएँ कि दुकानदार को 500 रुपये के 2 नोट देने से वह रजत को कितने रुपये लौटाएगा?

उत्तर



# आओ देखें और सोचें

**अपने आस-पास की वस्तुओं को मापें। उदाहरण के लिए कुछ वस्तुओं के नाम दिए गए हैं।**

## ऊँचाई मापें



खिड़की



साइकिल



दरवाज़ा



बच्चे की लम्बाई

## लम्बाई मापें



चारपाई



चप्पल



पेन्सिल



पैंट

## गोलाई मापें



पतीला



बाल्टी



थाली



तवा

## अनुमान से लिखें।

- आपके घर से स्कूल की दूरी कितनी है? उत्तर–
- आपके दरवाज़े से जो पेड़ सबसे नज़दीक है, उसकी दूरी कितनी है? उत्तर–
- आपके घर से सबसे नज़दीक जो दुकान है उसकी दूरी? उत्तर–
- किसी एक खेत की लम्बाई और चौड़ाई लिखें? उत्तर–
- आपके घर से स्कूल कितने कदम पर है? उत्तर–

**नोट : इसी प्रकार अपने आस–पास की अन्य वस्तुओं के बारे में पहले अनुमान लगाएँ और फिर माप कर देखें कि आपका अनुमान कितना ज़्यादा पक्का है।**



# आओ देखें और सोचें

| क्रम संख्या | जानवरों के नाम | औसत आयु (वर्ष में) |
|---|---|---|
| 1 | भालू  | 40 |
| 2 | कुत्ता  | 10 |
| 3 | गाय  | 15 |
| 4 | शेर  | 35 |
| 5 | हाथी  | 70 |
| 6 | ख़रगोश  | 3 |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- किस जानवर की औसत आयु सबसे कम है?
- शेर की औसत आयु कितने वर्ष है?
- हाथी और कुत्ते की औसत आयु में कितने वर्ष का अन्तर है?
- किस जानवर की आयु हाथी की औसत आयु के आधे से 5 अधिक है?
- आप अपने आस–पास के पक्षियों की औसत आयु पता करके सूची बनाएँ।

____________ ____________ ____________

____________ ____________ ____________

____________ ____________ ____________



# आओ देखें और सोचें

## बर्तन की क्षमता




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- बर्तन A में, बर्तन B से कितना पानी अधिक है?
- बर्तन B में, कितना लीटर पानी है?
- यदि बर्तन B में बर्तन A का सारा पानी डाल दिया जाए तो क्या होगा?
- अनुमान लगाकर बताएँ कि दो बाल्टी पानी से कितने मग पानी पूरे–पूरे भरे जा सकते हैं?
- बर्तन B को भरने के लिए कितने लीटर पानी की आवश्यकता होगी?
- अनुमान लगाएँ कि बर्तन A से कितने मग पानी निकालने से बाल्टी ख़ाली हो जाएगी?



# आओ देखें और सोचें

गाँव और तालाब को साफ़–सुथरा रखने में मनरेगा में कार्यरत कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

ग्रामसभा/ग्राम पंचायत में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या दी गई है। इस तालिका को ध्यान से पढ़ें।

| ग्राम सभी/ग्राम पंचायत | कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|
| 1. खानपुर | 400 |
| 2. रसूलपुर | 62 |
| 3. कलीमपुर | 407 |
| 4. काजीपुर | 326 |
| 5. देवमई | 104 |
| **कुल** | |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- कौन से ग्राम पंचायत में कर्मचारियों की संख्या सबसे अधिक है? ☐
- किन दो ग्राम पंचायतों को मिलाकर कर्मचारियों की संख्या 200 से कम है? ☐
- देवमई में कर्मचारियों की संख्या खानपुर के कर्मचारियों से कितनी कम है? ☐
- काजीपुर और कलीमपुर के कर्मचारियों की संख्या के बीच कितने का अंतर है? ☐
- पाँच ग्राम पंचायत में कुल कर्मचारियों की संख्या कितनी है? ☐



# आओ देखें और सोचें

## नीचे नूडल्स और चिप्स के बारे में जानकारी दी गई है




**नूडल्स पोषाहार की जानकारी**

| | हर 100 ग्राम में |
|---|---|
| एनर्जी | 402 कैलोरी |
| प्रोटीन | 10 ग्राम |
| कार्बोहाईड्रेट | 58 ग्राम |
| शुगर | 1 ग्राम |
| वसा | 14 ग्राम |
| कैल्शियम | 160 मिलीग्राम |
| | 318 मिलीग्राम |

नूडल्स में क्या है?






**चिप्स पोषाहार की जानकारी**

| | हर 100 ग्राम में |
|---|---|
| एनर्जी | 292 कैलोरी |
| वसा | 14 ग्राम |
| कॉलेस्ट्रोल | 0 मिलीग्राम |
| सोडियम | 456 मिलीग्राम |
| पोटैशियम | 682 मिलीग्राम |
| कार्बोहाइड्रेट | 36 ग्राम |
| प्रोटीन | 4 ग्राम |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- यहाँ पर कितने ग्राम नूडल्स के पोषाहार की जानकारी दी गई है?
- यदि आपने 50 ग्राम नूडल्स और 50 ग्राम चिप्स ख़रीदे तो उसमें पोषाहर की मात्रा कितनी होगी, लिखें।

| | 50 ग्राम नूडल्स में | 50 ग्राम चिप्स में |
|---|---|---|
| एनर्जी | 201 | 146 |
| प्रोटीन | ............ | ............ |
| सोडियम | ............ | ............ |
| वसा | ............ | ............ |
| पोटैशियम | ............ | ............ |

अब आप नूडल्स में दी गई जानकारियों को चिप्स में दी गई जानकारियों से तुलना करें और नीचे दी गई तालिका भरें।

| अंतर | नूडल्स | चिप्स |
|---|---|---|
| कैलोरी की मात्रा कितनी है? | | |
| कौन से तत्व दोनों में हैं? नाम लिखें। | | |
| कौन–से तत्व एक में हैं और दूसरे में नहीं। नाम लिखें। | | |

जो तत्व दोनों में हैं उनमें तुलना करें और लिखें कि किस में कौन–सा तत्व ज़्यादा है?



# आओ देखें और सोचें

**चित्र को ध्यान से देखें, सोचें-समझें व अपने समूह में चर्चा कर के हल करें।**




## सोचें और बताएँ।

उत्तर

- प्रीति ने 2 किलो आम और 1 किलो सेब ख़रीदा। बताएँ उसने कितने रुपये ख़र्च किया? ☐
- चित्र में पपीता की क़ीमत, अमरूद की क़ीमत से कितना अधिक है? ☐
- शालू ने 400 ग्राम अंगूर कितने रुपये में ख़रीदी? ☐
- कशिश 1 किलो 600 ग्राम सेब ख़रीदने के लिए दुकानदार को कितने रुपये देगी? ☐
- एक व्यापारी लीची और अंगूर की पेटी भरी ट्रक शहर से गाँव की बाज़ार तक मँगाता है। ट्रक के डीजल पर 1200 रुपये, फल को उतारने में मजदूरी 1000 रुपये और 5000 रुपये ट्रक के भाड़े में ख़र्च करता है। बताएँ व्यापारी ने फल मँगाने में कितना रुपया ख़र्च किया? ☐
- दिए गए फलों के मूल्य–सूची से अपने समूह में अधिक से अधिक शाब्दिक सवाल बनाएँ।



# आओ देखें और सोचें




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- A, F से कितने किलोमीटर की दूरी पर है?
- C से D तक की दूरी कितनी है?
- A से C तक की दूरी कितनी है?
- एक आदमी F से चलकर C तक जाता है और पुनः मुड़कर D तक पहुँच जाता है। बताएँ, उसने कितनी दूरी तय की?
- शुरुआती बिन्दु से F तक की कुल दूरी क्या होगी?



# आओ देखें और सोचें

## दो अलग-अलग होटलों की मूल्य सूची देखें।

| वस्तुएं | | होटल A | होटल B |
|---|---|---|---|
| बर्गर |  | 45/- | 60/- |
| कॉफी |  | 20/- | 35/- |
| नूडल्स |  | 60/- | 50/- |
| थाली |  | 160/- | 190/- |
| पिज़्ज़ा |  | 350/- | 300/- |
| छोले भटूरे |  | 40/- | 35/- |
| राजमा चावल |  | 60/- | 60/- |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- आपके पास 500 रुपये हैं। अगर आप होटल A में गए तो खाने के लिए क्या–क्या ले सकते हैं? अलग कागज़ पर सूची बनाएँ।
- दोनों होटलों में 8 प्लेट थाली के मूल्य का अंतर कितना होगा?
- अगर आपको राजमा चावल और कॉफी चाहिए, तो वह किस होटल में कम रुपये में मिलेगा?
- एक व्यक्ति के पास 200 रुपये हैं। वह 3 प्लेट छोले–भटूरे तथा 3 कप कॉफी ख़रीदना चाहता है। बताएँ वह इतने रुपये में किस होटल से चीज़ें ख़रीद सकता है?
- अगर आपका दोस्त 600 रुपये लेकर होटल B में जाए तो वह कौन–कौन सी खाने की चीज़ें लेगा ताकि उसके पूरे पैसे ख़र्च हो जाएँ?



# आओ देखें और सोचें




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- गीता के घर से विद्यालय कितने मीटर दूर है?
- बाज़ार से विद्यालय तक की दूरी कितने मीटर है?
- मैं विद्यालय से गीता के घर गई। फिर मैं बाज़ार गई और विद्यालय की तरफ से गीता के घर वापस आई। मैंने कुल कितने मीटर तक की दूरी तय की?
- गीता के घर से बगीचा कितने मीटर दूर है?



# आओ देखें और सोचें

## भारतीय क्रिकेट टीम के कुछ खिलाड़ियों के एक दिवसीय मैच का विवरण

| नाम | खेले गए मैच | बनाए गए रन | शतक |
|---|---|---|---|
|  सचिन उम्र–42 | 463 | 18426 | 49 |
|  धोनी उम्र–34 | 275 | 8918 | 9 |
|  विराट उम्र–27 | 171 | 7212 | 25 |
|  रोहित उम्र–28 | 148 | 5008 | 10 |

## सोचें और बताएँ।

उत्तर

- दी गई जानकारी के अनुसार सबसे अधिक रन किसने बनाए हैं?
- कितने खिलाड़ियों ने दस हज़ार से कम रन बनाए हैं?
- सचिन की उम्र विराट से कितने वर्ष अधिक है?
- रोहित को सचिन के बराबर रन बनाने के लिए कितने और रन बनाने होंगे?
- कोहली को दस हज़ार रन बनाने के लिए अभी कितने रनों और बनाने की ज़रूरत है?
- धोनी कितने शतक और लगाए कि कोहली के बराबर हो जाए?
- सचिन ने सिर्फ़ शतक से कितने रन बनाए?



# आओ देखें और सोचें

नीचे दिखाए गए ग्राफ में कुछ बच्चे अपनी–अपनी जगह पर खड़े हैं। उन्हें समझें व पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- अगर मोहन इरफ़ान के पास जाएगा तो उसे कितने कदम चलने होंगे?
- चंदा से राम तक की दूरी कितने कदमों की है?
- मोनिका को मोहन तक जाने के लिए किस दिशा में और कितने कदम चलने होंगे?
- पवन से मोनिका तक की दूरी अधिक है या चंदा से राम तक की दूरी अधिक है और कितनी?
- इरफ़ान के पास आने के लिए पाँचों लोगों को कितने कदम चलने होंगे? सबका अलग– अलग बताएँ।



# आओ देखें और सोचें

## नीचे दो होटल में मिलने वाले पेय पदार्थों की सूची और उनका मूल्य दिया गया है।

| पेय पदार्थ | होटल (अ) (रुपये प्रति गिलास) | होटल (ब) (रुपये प्रति गिलास) |
|---|---|---|
| 1. लस्सी  | 22 | 25 |
| 2. जलजीरा  | 15 | 10 |
| 3. शिकंजी  | 12 | 10 |
| 4. संतरे का जूस  | 30 | 20 |
| 5. कॉफ़ी  | 30 | 35 |
| 6. पानी  | 20 | 15 |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- आपके पास 300 रुपये हैं। आप अपने चार दोस्तों के साथ होटल (अ) में गए। आपने सबके लिए दो पानी की बोतलें लीं। अब आपके पास कितने रुपये बचे?
- अब उन्हीं चार दोस्तों को कॉफ़ी पीने का मन किया तो उन्होंने कॉफ़ी होटल (अ) से ख़रीदी। बताएँ, अब उनके पास कितने रुपये बचेंगे?
- रिया को उसकी मम्मी ने 150 रुपये दिए और उसे 3 शिंकजी और 3 लस्सी लाने को कहा। बताएँ तो वह किस होटल से सबसे कम ख़र्च में ये चीज़ें ख़रीद सकती हैं?
- सनी होटल (अ) और नितिन होटल (ब) में गए। दोनों ने 1 गिलास संतरे का जूस और गिलास 1 पानी की बोतल ख़रीदी। बताएँ, किसने ज़्यादा और कितना ज़्यादा ख़र्च किया?
- 5 दोस्तों को होटल (ब) से 5 गिलास जलजीरा और 5 गिलास संतरे का जूस चाहिए। उनके पास केवल 130 रुपये हैं तो बताएँ उन्हें कितने रुपयों की और ज़रूरत पड़ेगी?



# आओ देखें और सोचें

## इस पानी की टंकी में 10000 लीटर पानी आ सकता है



- इस टंकी को भरने के लिए 2 नल लगाए गए हैं।
- एक नल से प्रति मिनट 70 लीटर पानी निकलता है।
- दूसरे नल से प्रति मिनट 35 लीटर पानी निकलता है।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- यदि टंकी आधी भरी हो तो बताएँ कि कितने लीटर पानी टंकी में अभी और आ सकता है? ☐
- टंकी में पहले नल से 700 लीटर पानी भरने के लिए कितना समय लगेगा? ☐
- यदि टंकी पूरी भरी हो तो बताएँ कि उससे 500 लीटर वाले छोटे–छोटे कितने टैंक भरे जा सकते हैं? ☐
- यदि दोनों नल को एक साथ चला दिया जाए तो लगभग कितने समय में टंकी पूरी भर जाएगी? ☐
- यदि टंकी को पूरा भरना हो तो बताएँ दोनों में से कौन–से नल से टंकी जल्दी भरी जा सकती है? ☐



# आओ देखें और सोचें

## बस कर्मचारियों की भर्ती (दिसम्बर 2016)

| भर्ती के नाम | पदों की संख्या | योग्यता | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|
| बस परिचालक | 1500 | 10 वीं पास | 100 रु |
| बस चालक | 930 | 10 वीं पास | 100 रु |
| मुख्य तकनिशियन | 460 | 10 वीं पास | 50 रु |
| सहायक तकनिशियन | 830 | 10 वीं पास | 50 रु |
| कुल | | | |



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- सहायक तकनिशियन के पदों की संख्या कितनी है?
- मुख्य तकनिशियन के पदों की संख्या बस परिचालक से कितनी कम है?
- यदि सभी पदों की संख्या दोगुनी कर दी जाए तो कुल कितने पद हो जाएँगे?
- एक जनपद से बस परिचालक के लिए 175 आवेदन तथा सहायक तकनिशियन के लिए 175 आवेदन आए तो बताएँ बस परिचालक के आवेदन में कितने रुपये अधिक ख़र्च हुए?
- यदि सभी पदों के लिए 1800 प्रतिभागियों ने अवेदन किया तो बताएँ अवेदन में कुल कितने रुपये ख़र्च हुए होंगे?



# आओ देखें और सोचें

## यात्रियों को ले जाने वाले साधनों के चित्र व सारणी को देखें व समझें

| यातायात के साधन | कौन कितने यात्री ले जा सकते हैं ? (लगभग में) |
|---|---|
| हवाई जहाज  | 172 |
| कार  | 5 |
| नाव  | 67 |
| बस  | 65 |
| ऊँट  | 2 |
| रेलगाड़ी  | 1080 |
| बैलगाड़ी  | 12 |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- 40 बच्चों को ऊँट से जैसलमेर घुमाने के लिए कितने ऊँटों की ज़रूरत होगी?
- एक रेलगाड़ी में 12 डिब्बे हैं और हर डिब्बे में 55 लोग बैठे हैं तो बताएँ उस रेलगाड़ी से कितने लोग यात्रा कर रहे हैं?
- जहाज़ की तुलना में रेलगाड़ी में कितने लोग अधिक आ सकते हैं?
- नाव के कितने गुना अधिक लोग हवाई जहाज़ में सफ़र कर सकते हैं?
- कार, बस और बैलगाड़ी में मिलाकर कुल कितने लोग यात्रा कर सकते हैं?



# आओ देखें और सोचें

## ख़ास अवसरों पर पहने जाने वाले कपड़े

| | उत्तर लिखें |
|---|---|
| स्वेटर  425 रुपये | 4 स्वेटर की क़ीमत<br>..................रुपये |
| शेरवानी  2250 रुपये | 2 शेरवानी की क़ीमत<br>..................रुपये |
| धोती–कुर्ता  550 रुपये | 5 धोती कुर्ता की क़ीमत<br>..................रुपये |
| पैंट–शर्ट  900 रुपये | 3 शर्ट–पैन्ट की क़ीमत<br>..................रुपये |
| दुल्हन की ड्रेस  3500 रुपये | 2 दुल्हन की लहंगा चुनरी की क़ीमत<br>..................रुपये |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- पल्लवी को 2 स्वेटर और 1 साड़ी ख़रीदनी है। उसे कितने रुपये ख़र्च करने पड़ेंगे?
- कुलदीप को 1 शेरवानी और 2 जोड़ी शर्ट–पैन्ट ख़रीदने के लिए कितने रुपये की ज़रूरत पड़ेगी?
- शैलेन्द्र को 2 जोड़ी कुर्ता–धोती के लिए कितने रुपयों की ज़रूरत होगी?
- दुल्हन की 2 जोड़ी लहँगा–चुनरी ख़रीदने पर 250 रुपये छूट है। बताएँ, 2 जोड़ी लहँगा–चुनरी के लिए रज़िया को कितने रुपये चाहिए?
- सुनील अपने पिताजी के लिए 3 जोड़ी धोती–कुर्ता ख़रीदता है। बताएँ, उसने दुकानदार को कितने रुपये दिए?
- यदि आप अपने घर के लिए चित्र में दिए गए सभी ड्रेस एक–एक जोड़ी ख़रीदते हैं तो आपको कितने रुपयों की ज़रूरत होगी?



# आओ देखें और सोचें

## पानी की खपत

छतरपुर गाँव के 6 सदस्यों वाले परिवार को एक दिन में पानी की ज़रूरत को नीचे चार्ट में दिया गया है :

| कार्य | पानी का उपयोग (लीटर में) |
|---|---|
|  खाना बनाने में | 8 लीटर |
| कपड़े धोने में  | 142 लीटर |
|  बरतन धोने में | 40 लीटर |
| नहाने में  | 128 लीटर |
|  शौचालय में | 25 लीटर |

## सोचें और बताएँ।

- इस परिवार को 1 दिन में कितने लीटर पानी की ज़रूरत होती है?
- यदि परिवार कपड़े धोने का काम एक दिन न करे तो उस दिन कितने लीटर पानी की ज़रूरत होगी?
- इस परिवार में कपड़े धोने से कितना कम पानी नहाने में उपयोग होता है?
- किसी परिवार में 9 सदस्य हों तो उन्हें रोज़ाना कितने लीटर पानी की ज़रूरत पड़ेगी?
- यदि यह परिवार एक दिन में कपड़े धोने पर 40 लीटर की बचत करता है तो बताएँ एक सप्ताह में यह परिवार कितने लीटर पानी ख़र्च करेगा?
- आपके घर में रोज़ाना कितना लीटर पानी ख़र्च होता है?

**नोट** :इस तालिका के आधार पर अपने समूह मे और अधिक प्रश्न बनाएँ।



# आओ देखें और सोचें

**मोहन, रोहित और अली तीनों दोस्त एक ढाबे पर गए, वहाँ उन्होंने ढाबे का मेन्यू कार्ड देखा और अपने लिए आर्डर दिया।**

**चार्ट देखकर हल करें।**

| | | |
|---|---|---|
| 1 दर्जन केले  30 रु. | 1 गिलास दूध   10 रु. | 1 बोतल पानी   15 रु. |
| 1 समोसा  5 रु. | 1 किलो मिठाई  200 रु. | केक  420 रु. |
| 1 प्लेट छोले चावल  50 रु. | एक प्लेट दही बड़ा  15 रु. | 1 गिलास जूस  20 रु. |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- मोहन के पास 500 रुपये हैं। वह एक प्लेट छोले–चावल व एक बोतल पानी ख़रीदता है। बताएँ, उसने कितने रुपये ख़र्च किए? [ ]
- रोहित ने 1 गिलास जूस, 3 समोसे और 1 बोतल पानी ख़रीदी। बताएँ, उसने कितने रुपये का सामान ख़रीदा? [ ]
- यदि हमें 4 बोतल पानी, एक केक और 2 किलो मिठाई ख़रीदनी हो तो कितने रुपये की आवश्यकता होगी? [ ]
- बताएँ कि 200 रुपये में हम ज़्यादा से ज़्यादा कितने गिलास जूस ख़रीद सकते हैं। [ ]
- यदि अली के पास 300 रुपये हों और वह ज़्यादा से ज़्यादा चीज़ें ले सके तो वह क्या–क्या चीज़ें ख़रीदेगा और कितनी ख़रीदेगा? [ ]



# आओ देखें और सोचें

1 किलोग्राम = 1000 ग्राम

| वस्तु का नाम | वस्तु की क़ीमत |
|---|---|
|  प्याज़ | 20 रुपये में<br>एक किलोग्राम प्याज़ |
|  बैंगन | 35 रुपये में<br>एक किलोग्राम बैंगन |
|  सेब | 150 रुपये में<br>एक किलोग्राम सेब |
|  आलू | 20 रुपये में<br>एक किलोग्राम आलू |
|  आम | 85 रुपये में<br>एक किलोग्राम आम |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- चित्र देखें और बताएँ, 500 ग्राम आम की क़ीमत कितनी होगी?
- मीरा ने 700 ग्राम सेब और 500 ग्राम आम ख़रीदा। बताएँ, उसने कितने किलोग्राम फल ख़रीदे?
- रमेश के पास 500 रुपये हैं। उसने एक दुकान से 2 किलोग्राम आम, 2 किलोग्राम बैंगन तथा 1 किलोग्राम आलू ख़रीदे। बताएँ, शेष बचे रुपये में रमेश कितने किलोग्राम सेब ख़रीद सकता है?
- एक व्यापारी ने थोक में एक बोरी आलू 1400 रुपये में ख़रीदे। वह उसे बेचकर 800 रुपये मुनाफ़ा कमाना चाहता है। बताएँ, वह उस आलू की बोरी को कितने रुपये में बेचेगा?
- रोहित ने 2 किलोग्राम प्याज़, 3 किलोग्राम आलू और 500 ग्राम बैंगन ख़रीदे। बताएँ, रोहित ने कितने रुपये ख़र्च किए?



# आओ देखें और सोचें

नीचे तालिका में 5 गाँवों के नाम, उनकी जनसंख्या और वहाँ पहुँचने वाले पीने योग्य पानी की मात्रा दी गई है।

| गाँव का नाम | जनसंख्या | पीने योग्य पानी (लीटर में) |
|---|---|---|
| 1. भागीपुर | 3,000 | 36,000 |
| 2. मानपुरा | 5,500 | 55,000 |
| 3. मानेसर | 1,500 | 27,000 |
| 4. वज़ीरगंज | 2,000 | 40,000 |
| 5. बहादुरपुर | 2,500 | 45,000 |
| **कुल** | | |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- सभी गाँव को मिलाकर कुल जनसंख्या कितनी है?
- भागीपुर गाँव में प्रति व्यक्ति लगभग कितने लीटर पीने योग्य पानी का इस्तेमाल होता है?
- यदि मानपुरा गाँव के लोगों के लिए प्रति व्यक्ति 20 लीटर पानी की ज़रूरत है तो उस गाँव को और कितने लीटर पानी की ज़रूरत होगी?
- सबसे अधिक जनसंख्या वाले गाँव और सबसे कम जनसंख्या वाले गाँव की जनसंख्या का अंतर बताएँ?
- सभी गाँवों को मिलाकर लगभग कितने लीटर पीने योग्य पानी पहुँचता है?



# आओ देखें और सोचें

## कबाड़ की क़ीमत

| वस्तु का नाम | वस्तु की क़ीमत |
|---|---|
|  | 15 रुपये में<br>एक किलोग्राम लोहा |
|  | 12 रुपये में<br>एक किलोग्राम रद्दी काग़ज़ |
|  | 10 रुपये में<br>एक किलोग्राम प्लास्टिक |
|  | 400 रुपये में<br>एक किलोग्राम पीतल |
|  | 200 रुपये में<br>एक किलोग्राम एल्युमिनियम |

1 किलोग्राम = 1000 ग्राम

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- पवन ने कबाड़ी को 8 किलोग्राम रद्दी काग़ज़ बेचा। बताएँ उसे कितने रुपये मिले?
- 120 रुपये में कितने किलोग्राम प्लास्टिक बेचेंगे?
- सलमा ने 15 किलोग्राम लोहा और 18 किलोग्राम रद्दी काग़ज़ कबाड़ी को बेचा। बताएँ, उसने कुल कितने रुपये का कबाड़ बेचा?
- संजू की मम्मी बर्तन की दुकान पर गई। वहाँ उन्होंने पीतल की पुरानी बाल्टी बेची। बाल्टी का वज़न 7 किलोग्राम था। बताएँ, दुकानदार ने उन्हें कितने रुपये दिए?
- चीकू कुछ एल्युमिनियम का सामान कबाड़ी को बेचता है। इन सभी का वज़न कुल 200 किलोग्राम है। बताएँ, कबाड़ी वाला उसे कितने रुपये देगा?



# आओ देखें और सोचें

## राज्यों में पहने जाने वाले कपड़े

| | | | उत्तर लिखें |
|---|---|---|---|
| गुजरात की लहंगा–चोली |  | 1500 रुपये | 2 ड्रेस की क़ीमत<br>..................रुपये |
| महाराष्ट्र की साड़ी |  | 1800 रुपये | 3 ड्रेस की क़ीमत<br>..................रुपये |
| पंजाब का कुर्ता और तेहमत |  | 1150 रुपये | 2 ड्रेस की क़ीमत<br>..................रुपये |
| असम की सिल्क की साड़ी |  | 950 रुपये | 4 ड्रेस की क़ीमत<br>..................रुपये |
| हिमाचल प्रदेश का कुर्ता और घाघरा सलवार |  | 1250 रुपये | 2 ड्रेस की क़ीमत<br>..................रुपये |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- गुजरात की 1 ड्रेस सिलवाने में कितने रुपये ख़र्च होंगे?
- पंजाब की ड्रेस और गुजरात की ड्रेस सिलवाने में कितने रुपये का अंतर होगा?
- असम की ड्रेस की क़ीमत महाराष्ट्र की ड्रेस की क़ीमत से कितने रुपये अधिक है?
- सफ़रजीत को 3 जोड़ी पंजाबी ड्रेस सिलवाने में कितने रुपये ख़र्च करने होंगे?
- लवली ने हिमाचल प्रदेश में पहने जाने वाली 2 जोड़ी ड्रेस सिलवाने में 100 रुपये कम ख़र्च किए। बताएँ, उसने दुकानदार को कितने रुपये दिए?
- ऐमन ने महाराष्ट्र की 2 ड्रेस और 1 पंजाबी ड्रेस ख़रीदी। बताएँ, ऐमन ने कितने रुपये ख़र्च किए?
- अर्पिता अपनी 3 सहेलियों के साथ असम के बाज़ार में गई। सबने 1–1 जोड़ी कपड़े ख़रीदे। बताएँ, उन्होंने कितने रुपये ख़र्च किए?



# आओ देखें और सोचें

## आस-पास की वस्तुओं के वज़न का पहले अन्दाज़ा लगाएँ, मापें और लिखें।

| वस्तु | वज़न अनुमान के अनुसार | वज़न मापकर लिखें |
|---|---|---|
|  लौकी | | |
|  दो बैंगन | | |
|  दो टमाटर | | |
|  चार आलू | | |
|  गोभी | | |

## सोचें और बताएँ।

उत्तर

- अगर 1 किलोग्राम सब्ज़ी में 6 लोग भोजन कर सकते हैं तो 24 लोगों के लिए कितने किलोग्राम सब्ज़ी की ज़रूरत होगी?
- एक लौकी और एक गोभी में सबसे ज़्यादा वज़न किसका और कितना अधिक होगा?
- 40 रुपये प्रति किलोग्राम टमाटर है तो 500 ग्राम टमाटर ख़रीदने के लिए कितने रुपये ख़र्च होंगे?
- एक सब्ज़ी बेचने वाला टमाटर के तीन गुने से 10 किलोग्राम ज़्यादा आलू बेचता है। यदि वह प्रतिदिन 154 किलोग्राम आलू बेचता है तो बताएँ वह एक सप्ताह में कितने किलोग्राम टमाटर बेचता है?
- रोहित ने 2 किलोग्राम आलू 16 रुपये की दर से और 500 ग्राम बैंगन 20 रुपये की दर से ख़रीदा। बताएँ रोहित ने कितने रुपये ख़र्च किए?

नोट : अंदाज़ा लगाने का यह खेल आप किसी भी वस्तु के साथ खेल सकते हैं। आस–पास की वस्तुओं के वज़न का अंदाज़ा लगाएँ, दोस्तों के साथ चर्चा करें और फिर मापें।



# आओ देखें और सोचें

## एक शहर की गंदगी साफ़ करने में लगे कुल मज़दूर और ख़र्च

| साफ़ सफ़ाई का कार्य | मज़दूरों की संख्या | एक दिन का ख़र्च |
|---|---|---|
|  कुएँ की सफ़ाई | 4 | 1200.00 |
|  तालाब की सफ़ाई | 6 | 1800.00 |
|  सड़क की सफ़ाई | 5 | 4800.00 |
|  नदी की सफ़ाई | 15 | 7500.00 |
|  नाले की सफ़ाई | 6 | 800.00 |
| कुल | 36 | |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- किसकी सफ़ाई में सबसे अधिक मज़दूर लगे हैं?
- किसकी सफ़ाई में सबसे कम मज़दूर लगे हैं?
- एक नाले की सफ़ाई की तुलना में तालाब की सफ़ाई में कितना अधिक ख़र्चा हुआ?
- दी गई सभी जगहों की सफ़ाई के लिए एक दिन में कुल कितना ख़र्च हो रहा है?
- एक माह में सफ़ाई पर कितने रुपये ख़र्च होंगे?
- किस कार्य के लिए एक आदमी की मज़दूरी सबसे अधिक है?
- यदि सभी कार्य में लगे लोगों की मज़दूरी 100 रुपये बढ़ा दी जाए तो सफ़ाई पर एक दिन में कितने रुपये का ख़र्च आएगा?



# आओ देखें और सोचें

## आईए देखें और पता करें हम कब और कहाँ पानी का उपयोग करते हैं?







## सोचें और बताएँ।

उत्तर

- फसल की सिंचाई के लिए यदि एक बोरिंग से 10 मिनट में 1200 लीटर पानी निकलता है तो लगातार 2 घण्टे बोरिंग से सिंचाई के लिए कितना लीटर पानी मिलेगा? [ ]
- एक टंकी में 1500 लीटर पानी था। बबलू ने 96 लीटर प्रति घंटे के हिसाब से 3 घंटे तक पानी निकाला। बताएँ, अब टंकी में कितना पानी है? [ ]
- एक मकान बनाते समय 1 दिन में 4 बार पानी से ईंटों को भीगाया जाता है। यदि एक बार भीगाने में 43 लीटर पानी ख़र्च होता है तो 3 दिन में ईंटों को भीगाने पर कितना पानी ख़र्च होगा? [ ]
- एक हैंडपम्प को 8 मिनट चलाने से 3 पतीली भर जाती है। बताएँ ऐसी ही 15 पतीली पानी भरने में कितने मिनट लगेंगे? [ ]
- अनुमान लगाएँ कि दिए गए चित्र में सभी बर्तनों में नल द्वारा लगभग कितने लीटर पानी भरा जा सकता है? [ ]
- अनुमान लगाएँ कि एक नल से दिनभर में लगभग कितना लीटर पानी निकाला जाता है? [ ]

नोट : आप सभी यह करके देखें कि हैंडपम्प से एक बाल्टी कितने मिनट में भर जाती है।



# आओ देखें और सोचें

## कपड़ों का बाज़ार





वन्दना और वरूण अपनी माँ के साथ कपड़े ख़रीदने बाज़ार गए।



टी–शर्ट 250 रुपये



जीन्स 550 रुपये



फुल शर्ट 325 रुपये



सधारण पैंट 625 रुपये



साड़ी 925 रुपये



धोती 275 रुपये



तौलिया 110 रुपये

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- धोती और तौलिया की क़ीमत में कितने रुपये का अंतर है?
- वन्दना ने 500 रुपये की 2 टी–शर्ट और 550 रुपये की 1 जीन्स ख़रीदी। बताएँ, वन्दना ने दुकानदार को कितने रुपये दिए?
- वरूण ने 325 रुपये वाली 3 फुल–शर्ट और 625 रुपये वाली 2 पैन्ट ख़रीदी। बताएँ, वरूण ने कितने रुपये ख़र्च किए?
- वरूण की माँ ने 925 रुपये वाली 2 साड़ियाँ, 275 रुपये वाली 2 धोती, 110 रुपये वाले 4 तौलिए और 425 रुपये का 1 जोड़ा पैन्ट–शर्ट ख़रीदा। बताएँ, वरूण की माँ ने कितने रुपये ख़र्च किए?
- दरवाज़ों और खिड़कियों के लिए 15 मीटर परदे का कपड़ा 450 रुपये में ख़रीदा। बताएँ 1 मीटर परदे के कपड़ा की क़ीमत कितनी होगी?



# आओ देखें और सोचें

| तेल के नाम | अनुमान के अनुसार | उत्तर लिखें |
|---|---|---|
| पेट्रोल  60 रुपये में एक लीटर पेट्रोल | 10 लीटर पेट्रोल का कुल दाम = 600<br>20 लीटर पेट्रोल का कुल दाम = ........<br>30 लीटर पेट्रोल का कुल दाम = ......... | 22 लीटर पेट्रोल का मूल्य 1000 रुपये से कम होगा या ज़्यादा? |
| डीज़ल   48 रुपये में एक लीटर डीज़ल | 10 लीटर डीज़ल का कुल दाम = 480<br>20 लीटर डीज़ल का कुल दाम = ........<br>30 लीटर डीज़ल का कुल दाम = ......... | 15 लीटर डीज़ल का मूल्य 700 रुपये से कम होगा या ज़्यादा? |
| केरोसिन  17 रुपये में एक लीटर केरोसिन | 10 लीटर केरोसिन का कुल दाम = 170<br>20 लीटर केरोसिन का कुल दाम = ........<br>30 लीटर केरोसिन का कुल दाम = ......... | 25 लीटर केरोसिन का मूल्य 500 रुपये से कम होगा या ज़्यादा? |
| सरसों का तेल  150 रुपये में एक लीटर सरसों का तेल | 10 लीटर तेल का कुल दाम = 1500<br>20 लीटर तेल का कुल दाम = ........<br>30 लीटर तेल का कुल दाम = ......... | 5 लीटर पेट्रोल का मूल्य 900 रुपये से कम होगा या ज़्यादा? |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- 120 रुपये में कितने लीटर पेट्रोल मिलेगा?
- गोपाल की गाड़ी 1 लीटर डीज़ल में 16 किलोमीटर चलती है तो गाड़ी को 80 किलोमीटर चलने में कितने लीटर डीज़ल लगेगा?
- विजय के पास 125 रुपये हैं। उसने 1 लीटर पेट्रोल अपने स्कूटर में डलवाया। अब उसके पास कितने रुपये बचे?
- यदि 1 लीटर पेट्रोल में एक गाड़ी 15 किलोमीटर चलती है तो बताएँ कि गाड़ी को 45 किलोमीटर चलने में कितने लीटर पेट्रोल ख़र्च होगा?
- अगर दिल्ली से आगरा तक 270 किलोमीटर की दूरी तय करनी हो तो बताएँ कुल कितने लीटर डीज़ल की आवश्यकता होगी?



# आओ देखें और सोचें

## चित्रों को देखें और अनुमान लगाएँ।

| | |
|---|---|
|  | 1 जोड़ी स्कूल ड्रेस की क़ीमत |
|  | 1 जोड़ी क्रिकेट खिलाड़ी की जर्सी की क़ीमत<br>1750 रुपये |
|  | 2 जोड़ी धावक के जर्सी की क़ीमत |
|  | 4 फुटबॉल खिलाड़ी की जर्सी की क़ीमत |
|  | एक जोड़ी मोज़ा की क़ीमत |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- एक क्रिकेट खिलाड़ी की जर्सी की क़ीमत फुटबॉल खिलाड़ी के ड्रेस से 210 रुपये अधिक है तो बताएँ कि एक जोड़ी फुटबॉल खिलाड़ी की जर्सी की क़ीमत कितनी होगी?
- मोहित ने 2 जोड़ी स्कूल ड्रेस और एक जोड़ी क्रिकेट जर्सी ख़रीदी। बताएँ, उसने कितने रुपये ख़र्च किए?
- नय्यर ने 2 जोड़ी स्कूल ड्रेस और 2 जोड़ी मोज़े बाज़ार से ख़रीदे। बताएँ, नय्यर ने दुकानदार को कितने रुपये दिए?
- रत्नेश ने मैदान में दौड़ने के लिए दो जोड़ी ड्रेस ख़रीदी। बताएँ, उसने कितने रुपये ख़र्च किए?
- नेहा फुटबॉल खेलने के लिए तीन जोड़ी जर्सी ख़रीदना चाहती है। उसे कितने रुपये की ज़रूरत होगी?
- एक दुकानदार क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए रोज़ाना पाँच जोड़ी जर्सी सिलवाने में 3500 रुपये ख़र्च करता है। बताएँ, एक जोड़ी जर्सी सिलवाने में कितना ख़र्च होगा?



# आओ देखें और सोचें

## समय–सारणी

### रेलगाड़ी संख्या – 12952
### रेलगाड़ी का नाम – मुम्बई राजधनी एक्सप्रेस

| क्रम संख्या | स्टेशन का नाम | आने का समय (आगमन) | जाने का समय (प्रस्थान) | दूरी (कि0मी0) | दिन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नई दिल्ली | स्रोत स्थान | 16 : 25 | 0 | 1 |
| 2 | कोटा जंक्शन | 20 : 55 | 21 : 05 | 465 | 1 |
| 3 | रतलाम जंक्शन | 00 : 02 | 00 : 05 | 731 | 2 |
| 4 | वदोदरा जंक्शन | 03 : 24 | 03 : 34 | 993 | 2 |
| 5 | सूरत | 04 : 58 | 05 : 03 | 1122 | 2 |
| 6 | बोरीवलि | 07 : 29 | 07 : 31 | 1355 | 2 |
| 7 | मुम्बई सेन्ट्रल | 08 : 15 | गन्तव्य स्थान | 1384 | 2 |

## सोचें और बताएँ।

उत्तर

- रतलाम जंक्शन से सूरत की दूरी कितने किलोमीटर है?
- यह रेलगाड़ी कुल कितने किलोमीटर की दूरी तय करती है?
- किन दो लगातार स्टेशनों के बीच की दूरी सबसे अध्कि है?
- सोहन का टिकट रतलाम जंक्शन से 9 तारीख़ का है। बताएँ, उसे रेलगाड़ी पकड़ने के लिए 8 तारीख़ की रात को स्टेशन जाना चाहिए या 9 तारीख़ की रात को?
- सूरत स्टेशन पर रेलगाड़ी कितने मिनट रुकती है?
- कोटा से सूरत पहुँचने में कुल कितना समय लगता है?



# आओ देखें और सोचें

## आइए इस परिवार के सदस्यों की उम्र का पता लगाएँ।




## सोचें और बताएँ।

उत्तर

- वेद प्रकाश की बेटी की उम्र कितने वर्ष है? ☐
- दिनेश अपने पिता से कितने वर्ष छोटा है? ☐
- केशव अपनी बहन नेहा से कितने वर्ष बड़ा है? ☐
- दिनेश की उम्र के 5 गुना उम्र किसकी है? ☐
- सीमा की उम्र के आधे से 4 वर्ष ज़्यादा किसकी उम्र है? ☐
- दिनेश की उम्र के चार गुने में 15 जोड़ दिया जाए तो किसकी उम्र के बराबर हो जायेगी? ☐



# आओ देखें और सोचें

## घड़ी का समय बताएँ







## दिए गए समय को दिखाएँ



**12:00**



**07:15**



**06:55**

## घड़ी देखकर जवाब दें



घड़ी 1



घड़ी 2

- पहली घड़ी का समय दूसरी घड़ी के समय से कितने घण्टे आगे है?

उत्तर–



घड़ी 3



घड़ी 4

- तीसरी घड़ी का समय चौथी घड़ी के समय से कितने घण्टे पीछे है?

उत्तर–



# आओ देखें और सोचें



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- कुल फलों की संख्या कितनी है?
- कौन–सा फल अधिक है?
- अगर आपके चार दोस्त हों और आप सभी को बराबर सेब देना चाहते हैं तो आप कितने–कितने सेब देगें? चित्र बनाकर समझाएँ।
- सभी फलों में अनार का कितना हिस्सा है? उसके हिस्सों को आकृति रूप में दर्शाएँ।
- केले और संतरे का हिस्सा कुल फल का कितना भाग है?



# आओ देखें और सोचें

## मूल्य चार्ट

| वस्तुएँ | मूल्य |
|---|---|
|  | 30 रुपये |
|  | 120 रुपये |
|  | 25 रुपये |
|  | 150 रुपये |
|  | 20 रुपये |



## सोचें और बताएँ

उत्तर

- गिलास का कुल मूल्य कितना होगा?
- सबसे अधिक कीमत किस वस्तु की है?
- बाल्टी तथा कप के दाम में कितने रुपये का अंतर है?
- 5 कप का मूल्य बताएँ।
- 100 रुपये में हम कितनी चम्मच ख़रीद सकते हैं?
- यदि कोई तीन वस्तुएँ ख़रीदा जाए तो 500 रुपये में अधिक से अधिक क्या ख़रीद सकते हैं?



# आओ देखें और सोचें



राम



मोहन



इरफ़ान



नंदिता

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- नंदिता ने केक का कितना हिस्सा खाया?
- मोहन ने राम के मुताबिक केक का कितना हिस्सा कम खाया?
- इरफ़ान ने केक का कितना हिस्सा खाया?
- इरफ़ान ने किसके बराबर और केक का कितना हिस्सा खाया?
  अन्तर :
- यदि मोहन नंदिता के केक से $\frac{2}{8}$ हिस्सा खा ले तो नंदिता के पास बचा हिस्सा कितना होगा?



# आओ देखें और सोचें



रहीम हर महीने अपने बैंक खाते में 5000 रुपये जमा करता है और हर तीसरे महीने में वह 3500 रुपये अपने खाते से निकाल लेता है। जितना भी वह एक साल में अपने खाते में जमा कर बचाता है उसका दोगुना अपने घर के ख़र्च में इस्तेमाल करता है।

रहीम के खाते को समझते हुए कुछ प्रश्नों के उत्तर दें।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- रहीम चार महीने में कितने रुपये अपने खाते में जमा करता है?
- रहीम पूरे साल में कितने रुपये अपने खाते में जमा करता है?
- रहीम पूरे साल में अपने घर के ख़र्च में कितने रुपये इस्तेमाल करता है?
- यदि रहीम हर महीने 7000 रुपये बैंक खाते में जमा करता है और हर तीसरे महीने में 3500 रुपये निकालता है तो उसके खाते में साल के अंत में कितने रुपये जमा होंगे?
- क्या आपके घर में भी कोई बैंक में पैसे जमा कराता है? बैंक में क्या–क्या कार्य होते हैं? उनके बारे में लिखें।



# आओ देखें और सोचें




**केक**

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- सुनील ने केक का कितना हिस्सा खाया? ☐
- सुनील ने मीना से केक का कितना हिस्सा ज़्यादा खाया? ☐
- तीनों ने केक का कितना हिस्सा खाया? ☐
- केक का वह हिस्सा बताएँ जो किसी ने नहीं खाया? ☐



# आओ देखें और सोचें

## अपनी–अपनी गुल्लक

कुछ व्यक्तियों ने अपनी–अपनी गुल्लक में रुपये जमा किए हैं। नीचे दी गई सूची को समझते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें।

**व्यक्तियों द्वारा गुल्लक में जमा किए गए रुपये**

| व्यक्तियों के नाम | रुपये |
|---|---|
| जोज़फ़ | 150 रुपये |
| रिया | 120 रुपये |
| मोहन | 70 रुपये |
| हरमन | 190 रुपये |
| शालू | 140 रुपये |
| आलिया | 90 रुपये |
| कुल | |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- जोज़फ़ के पास रिया से कितने रुपये अधिक हैं?
- मोहन हरमन और शालू के पास मिलाकर कितने रुपये हैं?
- सभी के रुपये मिला दें तो कुल कितने रुपये होंगे?
- सभी के रुपये को जोड़कर बताएँ कि कुल रुपये में कितने नोट सौ के और कितने नोट दस के हो सकते हैं?
- किसके पास मोहन से दोगुने रुपये हैं?
- किसके पास शालू से 10 रुपये अधिक हैं?



# आओ देखें और सोचें

## हवा में उपस्थित तत्वों का प्रतिशत (%)

| तत्व | प्रतिशत (%) |
| --- | --- |
| नाइट्रोजन | 78.09 |
| ऑक्सीजन | 20.95 |
| कार्बन डाइऑक्साइड | 0.04 |
| आर्गन | 0.93 |
| निऑन | 0.0019 |
| अन्य | 0.006 |

## सोचें और बताएँ।

उत्तर

- वायुमण्डल में नाइट्रोजन और ऑक्सीजन मिलाकर कितना प्रतिशत हवा है?
- हवा के प्रतिशत चार्ट में सबसे कम कौन–सा तत्त्व है?
- ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड गैस में कितने प्रतिशत का अन्तर है?
- आर्गन से कितना कम कार्बन डाइऑक्साइड का प्रतिशत है?
- वायुमण्डल में नाइट्रोजन और ऑक्सीजन को छोड़कर अन्य सभी गैसों का प्रतिशत कितना है?
- आपके गाँव की हवा में तत्त्वों का प्रतिशत चार्ट कैसा होगा? सोचें, चर्चा करें और बताएँ।

**नोट** :इस तालिका के आधार पर अपने समूह मे और अधिक प्रश्न बनाएँ।



# आओ देखें और सोचें




| गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | से | प्रस्थान | तक | आगमन |
|---|---|---|---|---|---|
| 12958 | अजमेर राजधानी | नई दिल्ली | 19:55 | अजमेर | 02:25 |
| 12138 | पंजाब मेल | दिल्ली | 05:15 | मुम्बई | 07:35 |
| 19019 | देहरादून एक्सप्रेस | सहारनपुर | 12:15 | देहरादून | 17:35 |
| 12566 | बिहार सम्पर्क क्रांती | लखनऊ | 21:45 | दरभंगा | 11:35 |
| 19166 | साबरमती एक्सप्रेस | दरभंगा | 04:30 | अहमदाबाद | 04:00 |

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- किस रेलगाड़ी में दिल्ली से अजमेर जाने में 6:20 लगता है? गाड़ी का नाम व संख्या भी लिखें।
- साबरमती एक्सप्रेस से दरभंगा से अहमदाबाद जाने में कितना समय लगता है?
- गाड़ी सं0 12138 व 12566 के यात्रा समय में कितने घंटे का अंतर है?
- यदि दिल्ली से मुम्बई का साधारण किराया 380 रुपया हो तो बताएँ 5 लोगों के किराए में कितने रुपये ख़र्च होंगे?
- यदि एक रेलगाड़ी 1250 किमी की दूरी 16 घण्टे में तय कर सकती है तो बताएँ वह 300 किमी. की दूरी तय करने में कितने समय लगाएगी?



# आओ देखें और सोचें

## पोषण आधारित भोज्य पदार्थों का प्रतिशत

| भोजन | कार्बोहाइड्रेट (%) | वसा (%) | प्रोटीन (%) |
|---|---|---|---|
| रोटी | 52 | 3 | 9 |
| पका चावल | 23 | 0.1 | 2.2 |
| केला | 20 | 0.5 | 1. |
| आलू | 19 | 0.1 | 2 |
| सेब | 12.8 | 0.5 | 0.3 |
| पालक | 3.2 | 0.3 | 1.6 |
| दूध | 4 | 4 | 4 |

## सोचें और बताएँ।

उत्तर

- पोषण चार्ट में कार्बोहाइड्रेट का सबसे अधिक प्रतिशत कितना है?
- रोटी में प्रोटीन की मात्रा कार्बोहाइड्रेट से कितना प्रतिशत कम है?
- आलू में कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन का अन्तर कितने प्रतिशत का है?
- केला और दूध में कितने प्रतिशत प्रोटीन का अन्तर है?
- पालक में कार्बोहाइड्रेट का प्रतिशत प्रोटीन का कितना गुना है?
- ऐसे 10 और भोजन के नाम लिखें जिनमें कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन होता है? उनकी मात्रा भी किसी से पूछकर लिखें?
- हमारे शरीर में इन पदार्थों की कमी या अधिकता से क्या होता है? सोचें, किसी से पूछें, समूह में चर्चा करें और लिखें।

**नोट** :इस तालिका के आधार पर अपने समूह मे और अधिक प्रश्न बनाएँ।



# आओ देखें और सोचें

**सामग्री** : छोटे–छोटे कंकड़ (50–100), कागज़ और दो ईंटें।

**क्या करना है?**

- लगभग 10 इंच का अंतर रखकर दो ईंटों को रखें।
- ईंटों पर कागज़ इस तरह रखें जिससे वह किसी पुल जैसा दिखे।
- अब कागज़ के बीच में कंकड़ रखना शुरू करें।
- कागज़ तुरंत नीचे गिरेगा।
- अब कागज़ को चित्र के अनुसार मोड़ें और फिर से ईंटों के ऊपर रखें।
- अब बीच में कंकड़ डालना शुरू करें। क्या होगा? कागज़ नहीं गिरेगा। कितने कंकड़ों का वजन कागज़ संभाल सकता है, यह देखें।
- कागज़ को थोड़ा मोड़ देने से उसकी मज़बूती बढ़ जाती है। ऐसा मोड़ आप किस चीज़ में देखते हैं?

## मज़बूत पुल


(1)


(2)


(3)


(4)


(5)


(6)


(7)


(8)



# आओ देखें और सोचें

## पालतू जानवर




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- कितने लोग कुत्ते पालना पसंद करते हैं?
- कितने लोग घोड़ा और ख़रगोश पालना पसंद करते हैं?
- बिल्लियों की संख्या ख़रगोश से कितनी कम है?
- बिल्ली को कितने लोग पसंद करते हैं?
- घोड़े की तुलना में ऐसे कितने लोग हैं जो ख़रगोश को पसंद नहीं करते हैं?
- यदि बिल्ली और ख़रगोश की संख्या दोगुनी हो जाए तो चित्र कैसा दिखाई देगा, बनाकर दिखाएँ।



# आओ देखें और सोचें

## राजा और मंत्री की यात्रा

राजा को प्रतिदिन सुबह–सुबह सैर करने को शौक़ था। रोज़ाना की तरह आज भी राजा हाथी से सैर करने निकला। लेकिन रास्ता कट नहीं रहा था। राजा ने सोंचा क्यों न मंत्री के साथ गप्पें मारी जाए। उसने सोंचा इससे मेरा रास्ता भी कट जएगा और समय का पता भी नहीं चलेगा। अगले क्षण ही राजा ने अपने मंत्री से पूछा–

**राजा** : घोड़े से हम लोग कितने किलोमीटर तक चल सकते है?

**मंत्री** : हुज़ूर घोड़े से हम लोग लगभग 225 किलोमीटर की दूरी 15 घण्टे में तय कर सकते हैं।

**राजा** : अच्छा! तो हाथी से एक घण्टे में कितने किलोमीटर की दूरी तय कर सकते हैं?

**मंत्री** : महाराज! अगर हम हाथी से सैर करें तो सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक केवल 30 किलोमीटर तक की दूरी ही तय कर पाएँगे।

**राजा** : मंत्री अगर हम पैदल चलें तो 4 घण्टे में कितने किलोमीटर तक दूरी तय कर सकते हैं?

**मंत्री** : महाराज! अगर हम पैदल चलेंगे तो 4 घण्टे में केवल 20 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकते है।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- घोड़े से 10 घण्टे में कितने किलोमीटर की दूरी तय की जा सकती है? [ ]
- हाथी सुबह 6 बजे से सुबह 10 बजे तक कितनी दूरी तय कर सकता है? [ ]
- राजा और मंत्री एक घण्टे पैदल चलकर कितने किलोमीटर की दूरी तय कर सकते हैं? [ ]
- पैदल 45 किलोमीटर तक दूरी तय करने में कितना समय लगेगा? [ ]
- अगर हाथी सुबह 8 बजे से चलना प्रारम्भ करे तो शाम 4 बजे तक कितनी दूरी तय करेगा? [ ]
- पता करें आप 30 मिनट में पैदल चलकर कितनी दूरी तय कर सकते हैं? [ ]



# आओ देखें और सोचें

## लम्बाई सम्बंधी ग्राफ़




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- कितने लोगों की लम्बाई 3 फ़ीट से ज़्यादा है?
- सबसे छोटा कौन है?
- ग्राफ़ के अनुसार सबसे लम्बा कौन है?
- रानी तथा सीता की लम्बाई में कितने फीट का अंतर है?
- क्या राजा की लम्बाई सीता की लम्बाई से आधी है?
- सनी की लम्बाई का दोगुनी किसकी लम्बाई है?



# आओ देखें और सोचें

## शिमला बाज़ार



बाज़ार में बहुत–सी चीज़ें देखने को मिलती हैं। तरह–तरह की दुकानें, लोगों की भीड़, झूलें इत्यादि। रितु भी अपनी माँ के साथ बाज़ार घूमने गई थी। उसने वहाँ बहुत सारी चीज़ें देखी। उसने माँ के साथ कुछ चीज़ों को ख़रीदा। बाज़ार में 1 किलो काजू–बर्फ़ी का मूल्य 325 रुपये था और एक गुब्बारे की क़ीमत 5 रुपये थी। झूलेवाला भी झूला झुलाने के लिए एक बारी में 15 रुपये ले रहा था। रितु ने अपनी माँ के लिए एक साड़ी पसंद की। माँ ने रितु के बहुत बोलने के बाद वह साड़ी ख़रीदी। उस साड़ी का मूल्य 800 रुपये था। रितु और उसकी माँ ने ढेर सारी ख़रीदारी की और घर वापस आ गई। रितु और माँ दोनों मिलकर सभी ख़र्च का हिसाब लगा रहे थे। क्या आप रितु की मदद करेंगे?

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- रितु ने बाज़ार में क्या–क्या देखा?
- यदि रितु ने अपने परिवार के लिए 2 किलो काजू–बर्फ़ी ख़रीदती है तो बताएँ उसे दुकानदार को कितने रुपये देने होंगे?
- यदि रितु ने अपने छोटे भाई के लिए 5 गुब्बारे भी ख़रीदे तो बताएँ उसने गुब्बारे वाले को कितने रुपये दिए होंगे?
- रितु ने 2 बार झूला भी झूला था। उसने झूलेवाले को 500 रुपये के नोट दिए थे तो बताएँ झूलेवाले ने रितु को कितने रुपये वापस किए?
- रितु बाज़ार में कितने रुपये लेकर जाती जिससे वह 1 किलो काजू बर्फ़ी, 1 बारी झूला और एक साड़ी खरीद सकती है?
- आप भी किसी साप्ताहिक बाज़ार में गए होंगे उसके बारे में लिखें।
- यदि आप बाज़ार में जाते तो क्या–क्या खरीदते सूची बनाकर कुल ख़र्च का योगफल लिखें।



# आओ देखें और सोचें

दिए गए चार्ट में एक विद्यालय के चौथी कक्षा में 5 बच्चों के पास अलग–अलग लम्बाई की पेंसिल है।




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- इस चार्ट में सबसे अधिक लम्बी पेंसिल की माप कितनी है?
- सबसे कम लम्बाई की पेंसिल का माप कितना है?
- यदि प्रत्येक पेंसिल की लम्बाई 12 सेंटीमीटर है तो सबसे कम लम्बी पेंसिल को कितना सेंटीमीटर ख़र्च किया गया है?
- सबसे अधिक लम्बी और सबसे कम लम्बी पेंसिल की लम्बाई का अन्तर कितना है?
- सभी 5 पेंसिलों को आपस में जोड़ देने से पेंसिल की लम्बाई कितनी होगी?



# आओ देखें और सोचें

## सब्ज़ी–मंडी

आप अक्सर बाज़ार तो जाते होंगे! आपने वहाँ देखा होगा कि भीड़ से भरे इस बाज़ार में तरह–तरह की दुकानें होती हैं। इन दुकानों में सब्ज़ियों का बाज़ार भी शुरू होता है, यहाँ बहुत चहल–पहल रहती है।

ऐसे ही गाँव के बाज़ार में कुछ सब्ज़ी वाले टोकरी भर कर बहुत सारी सब्ज़ियाँ लेकर आए और ज़ोर–ज़ोर से आवाज़ लगाकर सब्ज़ियों की क़ीमत बताने लगे और ख़रीदारों को बुलाने लगे।



**लखन** : ये लो, आलू 20 रुपये किलो और टमाटर 20 रुपये किलो।

**जोजो** : बहुत ही सस्ता कर दिया है, इससे सस्ता नहीं मिलेगा! भिण्डी ख़रीदो सिर्फ़ 60 रुपये में दो किलो।

**रघु** : 'मिर्च' 15 रुपये में एक पाव। गोभी 25 रुपये किलो है परन्तु 100 रुपये में 5 किलो, ले जाओ, सस्ता कर दिया है।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- लखन कितने रुपये किलो आलू बेच रहा था? ☐
- 2 किलो मिर्च के लिए ख़रीदार ने रघु को कितने रुपये दिए होंगे? ☐
- मीना सब्ज़ी–मंडी से भिण्डी, आलू, गोभी एक–एक किलोग्राम ख़रीदती है तो बताएँ उसने कितने रुपये ख़र्च किए? ☐
- यदि सभी सब्ज़ियाँ एक–एक किलो ख़रीदी जाए तो बताएँ दुकानदार को कितने रुपये देने होंगे? ☐
- आप अपनी पसंद की सब्ज़ी ख़रीदें और उसकी कुल क़ीमत ज्ञात करें। ☐

नोट : इस पाठ पर अपने समूह में रोल प्ले तैयार करें और प्रस्तुत करें।



# आओ देखें और सोचें

नीचे कुछ शहरों के नाम और उनमें पाए जाने वाले कचरे की मात्रा का ग्राफ़ दिया गया है। इस ग्राफ़ को ध्यान से देखें और प्रश्नों के उत्तर दें।




स्रोत : http://www.cpcb.nic.in/divisionsofheadoffice/pcp/MSW_Report.pdf

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- किस शहर में सबसे ज़्यादा कचरा निकलता है?
- किन दो शहरों में कूड़े की मात्रा लगभग बराबर है?
- कितने शहरों में प्रतिदिन कचरे की मात्रा 200 टन से कम है?
- किन दो शहरों के बीच 100 टन कचरे का अंतर है?
- किन दो शहरों का कचरा मिलाकर 360 टन होगा?
- आप–अपने आस–पास के कचरे को कहाँ फेंकते हैं?

# आओ देखें और सोचें



## पार्क की सैर



आज छुट्टी का दिन है। सुबह–सुबह ही आयुष और परिधि अपने 10 दोस्तों के साथ पार्क में घूमने गए। पार्क में छोटे बच्चों की तुलना में बड़े बच्चे आधे थे। कुछ बच्चे अपने माँ–पिताजी के साथ आए थे और कुछ दादा–दादी के साथ।

पार्क में लगभग 160 लोग थे। कुछ तो टहल रहे थे, कुछ व्यायाम कर रहे थे और कुछ खेल रहे थे। परिधि और आयुष पौधों में पानी दे रहे माली अंकल के पास गए।

उन्होंने अंकल को नमस्ते किया और पूछा, "अंकल, आप रोज़ाना कितने बजे से पार्क में काम करने लगते हैं?" "मैं रोज़ सुबह 7 बजे से पार्क के सभी पौधों में पानी डालना शुरू कर देता हूँ," अंकल बोले। "इस पार्क में कौन–कौन से पौधे लगे हैं और कितने छोटे पौधे हैं?" आयुष ने पूछा। "इस पार्क में लगभग 240 पौधे हैं। छोटे पौधों में गुलाब के 60, गेंदे और चंपा के 30–30 पौधे हैं। चमेली और सदाबहार के 25–25 तथा अन्य सजावटी पौधे हैं। इसके अलावा बड़े पौधे की संख्या भी लगभग 70 है।"

आयुष एक पेड़ के पास गया और पूछा, "इस पेड़ का नाम क्या है अंकल?" "यह आंवले का पेड़ है। जाड़े के मौसम में इस पेड़ पर गुच्छों में आंवलें भरे रहते हैं। आंवला हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक है। इससे मुरब्बे और अचार बनाए जाते हैं, इसका सेवन करने से हमारा शरीर निरोग रहता है।"

परिधि बोली, "बहुत अच्छी बातें आपने बताई। हम दोनों भाई–बहन अब रोज़ पार्क में आएंगे और माँ से आंवले का मुरब्बा बनाने को कहेंगे। आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा, अब हम लोग घर चलते हैं।"

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- पार्क में फूलों के कितने पौधे लगे हैं? [ ]
- आयुष और परिधि को मिलाकर कितने दोस्त पार्क में गए? [ ]
- यदि आयुष और परिधि पार्क में सुबह 10 बजकर 15 मिनट पर पहुँचे तथा दोपहर 3 बजकर 5 मिनट पर वापस निकले तो बताएँ उन्होंने पार्क में कितना समय बिताया? [ ]
- सभी दोस्त मिलकर छोटे–बड़े पौधों में पानी डालें तो प्रत्येक को कितने पौधों में पानी डालना पड़ेगा? [ ]
- यदि उस पार्क में 712 लोग बैठ सकते हैं। अभी 160 लोग हैं बताएँ पार्क में अभी कितने लोग और आ सकते हैं? [ ]

नोट : इस पाठ पर अपने समूह में रोल प्ले तैयार करें और प्रस्तुत करें।



# आओ देखें और सोचें

शाहिदा के घरवालों ने अपने घर के कुछ सामान बेचे, जिनकी सूची यहाँ दर्शाई गई है।




क्रय मूल्य – ख़रीदी गई वस्तु की क़ीमत

विक्रय मूल्य – बेची गई वस्तु की क़ीमत

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- शाहिदा के घरवालों को रेडियो बेचने पर कितने रुपये का लाभ/हानि हुआ?
- शाहिदा के घरवालों ने मोबाइल फोन कितने रुपये का ख़रीदा था?
- रेडियो व साईकिल के विक्रय मूल्य में कितने रुपये का अंतर है?
- शाहिदा के घरवालों ने जब ये तीनों चीज़ें ख़रीदी होंगी तो उन्हें कितने रुपये ख़र्च करने पड़े होंगे?
- शाहिदा के घरवालों को ये तीनों चीज़ें बेचने के बाद कितने रुपये का लाभ/हानि हुई?



# आओ देखें और सोचें

## नाव और पैसे

हम सभी बच्चे पहेलियों में इतना खो गए थे कि हमें पता भी न चला कि कब ताल के पास पहुँच गए। यह एक बहुत बड़ा ताल था जिसके बीच में एक छोटा–सा टापू बना हुआ था। ताल उस समय बहुत सुंदर लग रहा था। उसमें बहुत–सी बत्तख़ें शोर कर रही थीं। कुछ बच्चों ने उन्हें आटे की गोलियाँ खिलाई। उसके बाद आया सबसे मज़ेदार समय, नाव में घूमने का। इसके लिए हमें नाव को चुनना था जो आसान नहीं था। वहाँ अलग–अलग तरह की नावें थीं जिसके टिकटों की कीमतें भी अलग–अलग थीं और उनके चक्करों का समय भी अलग–अलग था।

| क्रम संख्या | नाव का नाम | योग्यता | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | डबल डेकर | 30 रुपये | 45 मिनट |
| 2 | पैडल बोट | 15 रुपये | 30 मिनट |
| 3 | मोटर बोट | 25 रुपये | 20 मिनट |
| 4 | चप्पू वाले बोट | 15 रुपयें | 45 मिनट |

*NCERT- Class 4*

## सोचें और बताएँ

- इंद्रा और भानु पहले मोटर में गए, फिर उन्होंने चप्पू वाली नाव ली। उन्होंने कुल मिलाकर दोनों नावों के लिए कितने पैसे दिए?
  उत्तर :
- उनको दोनों नावों को चलाने के लिए कितना समय मिला?
  उत्तर :
- बच्चों का एक समूह डबल डेकर नाव में गया। उन्होंने कुल मिलाकर 450 रुपये दिए। बताएं कितने बच्चे डबल डेकर में गए?
  उत्तर :
- कौन–सी नाव 1 घंटे में दो चक्कर लगाती है? कौन–सी नाव आधे घंटे से कम समय में एक चक्कर लगाती है?
  उत्तर :
- किस नाव को चलाने के लिए उन्हें सबसे अधिक समय मिला और कम पैसा देना पड़ा?
  उत्तर :
- किस नाव में सबसे कम पैसे में सबसे ज्यादा समय मिलता है?
  उत्तर :



# आओ देखें और सोचें

घर का निरीक्षण करें और सवालों के जवाब दें।




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- घर की छत का परिमाप कितना होगा?
- घर की दीवार का परिमाप कितना होगा?
- छत पर बनी खिड़की का परिमाप कितना होगा?
- दरवाज़े का परिमाप और उसके अंदर बने आयताकार काँच के परिमाप में कितने का अंतर होगा?
- छत की खिड़की और दीवार की खिड़की के परिमाप में कितने फुट का अंतर है?



# आओ देखें और सोचें

## शिमला की सैर

आकाश, मधु, विजय, नेहा, मनोहर और गुंजन ने गर्मी की छुट्टियों में मालती मैडम और अभिजीत सर के साथ शिमला घूमने का कार्यक्रम बनाया।

16 मई को सभी के माँ–पिताजी बच्चों को कालका स्टेशन तक छोड़ने आए। शिमला जाने वाली टॉय ट्रेन स्टेशन पर लगी हुई थी। बच्चों ने जल्दी से अपना–अपना सामान ट्रेन में रखा। अभिजीत सर व मालती मैडम बच्चों के माँ–पिताजी से मिलकर ट्रेन में चढ़ गए और अपनी–अपनी सीट पर बैठ गए।

ट्रेन 12.15 बजे शिमला के लिए चल पड़ी, कुछ दूर जाने के बाद पहाड़ियाँ व हरियाली दिखने लगी। शिमला के रास्ते में अनगिनत घुमावदार मोड़ आए, कभी गहरी घाटी, कभी हरियाली के बीच बादलों की लुकाछिपी, बच्चों को यह सब देखने में बड़ा मज़ा आ रहा था। बच्चों ने पहाड़ों पर बने सुंदर घर और बंगले भी देखे।

यात्रा में बच्चों ने हल्के–फुल्के नाश्ते में 280 रुपये खर्च़ किए। यात्रा के दौरान ट्रेन छोटी–बड़ी 103 सुरंगों से गुज़री। सबसे लम्बी सुरंग की लंबाई लगभग 1143.61 मीटर है, जो बड़ोग स्टेशन के बिल्कुल नज़दीक है। यात्रा में बच्चों ने ख़ूब मज़े किए। शाम में 5.30 सभी शिमला पहुँचे।

अगले दिन सुबह जल्दी–जल्दी नाश्ता करके सभी घूमने निकल पड़े। सबने कुफरी स्नो फॉल, ग्रीन वैली, मॉल रोड आदि स्थान घूमे। साथ ही साथ सबने घुड़सवारी की और सेब के बाग़ानों को देखने का मज़ा भी लिया। उन लोगों को शिमला घूमने, ठहरने और खाने–पीने आदि में कुल 12,120 रुपये खर्च़ हुए।

## सोचें और बताएँ

उत्तर

- शिमला में खाने – पीने, और सेब ख़रीदने में कुल कितने रुपये ख़र्च हुए? [ ]
- सबसे लम्बी सुरंग 2,000 मीटर से कितने मीटर कम है? [ ]
- यदि कालका से शिमला की दूरी 88 किलोमीटर है तो बताएँ टॉय ट्रेन की चाल क्या थी? [ ]
- कालका से शिमला पहुँचने में कुल कितना समय लगा? [ ]
- यदि टॉय ट्रेन 1 घंटा 22 मिनट देरी से चल रही हो तो बताएँ शिमला कितने बजे पहुँचाएगी? [ ]

नोट : इस पाठ पर अपने समूह में रोल प्ले तैयार करें और प्रस्तुत करें।



# आओ देखें और सोचें

निम्न ग्राफ को ध्यान से पढ़ें
व समझें और पूछे गए
प्रश्नों के उत्तर दें।




## सोचें और बताएँ

उत्तर

- A के पास कितना वर्ग सें.मी. क्षेत्रफल है?
- D के पास B से कितना वर्ग सें.मी. क्षेत्रफल अधिक है?
- अगर C का क्षेत्रफल का चार गुना कर दें तो कितना क्षेत्रफल होगा?
- B का परिमाप क्या होगा?
- A तथा C में किसका परिमाप अधिक है और कितना?
- D का परिमाप क्या होगा?



# आओ देखें और सोचें

## पढ़ें और समझें

अनिल जब 20 वर्ष का था तब उसने एक गुल्लक खरीदी। वह अपने हर जन्मदिन पर गुल्लक में 250 रुपये जमा करता था। लेकिन उसका छोटा भाई सुनील अपने हर जन्मदिन पर उस गुल्लक में से 50 रुपये निकाल लेता था। जब अनिल 60 वर्ष का हुआ तो उसने गुल्लक तोड़ी तो देखकर हैरान रह गया कि गुल्लक में सिर्फ़ 500 रुपये ही थे, वह सोच–सोच कर हैरान था कि आख़िर ये कैसे हुआ? क्या आप अनिल की मदद कर सकते है?





## सोचें और बताएँ

उत्तर

- आपके घर के 2 लोग अलग–अलग गुल्लक में हर सप्ताह 50 रुपये डालते हैं तो 12 सप्ताह के बाद गुल्लक में कितने रुपये जमा हो जाएंगे?
- अभी आप 8 वर्ष के हैं और अपने हर जन्मदिन पर गुल्लक में 25 रुपये डालते हैं। जब आप 20 वर्ष के हो जाएंगे तो आपके गुल्लक में कितने रुपये जमा होंगे?
- यदि आप हर दिन 5 रुपये की बचत करते हैं। तो बताएँ 1 मार्च 2017 से 31 दिसम्बर 2017 तक आपके गुल्लक में कितने रुपये हो जाऐंगे?




राज्य परियोजना कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान एवम् राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
डी.पी.ई.पी. भवन, शिक्षा निदेशालय, लालपानी, शिमला - 171 001 ( हि.प्र. )
ई-मेलः spdssahp@gmail.com



Ptd. by: **new era graphics**, Ph.: 0177 2628276